

● जरूर जाएं...

## शिलॉन्ग

बरसात के मौसम में हर कोई घूमने जाने का प्लान करता है। ऐसे में अगर आपकी अभी-अभी शादी हुई है, तो आप भी इस खूबसूरत प्लेस पर घूमने के लिए जा सकते हैं। शिलॉन्ग कपल्स के लिए सबसे बेस्ट जगह मानी गई है।

शिलॉन्ग मेघालय की राजधानी है, जो यहां की नेचुरल खूबसूरती के लिए काफी जानी जाती है। इसे इंडिया का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। यहां मौजूद पहाड़ियां, घने जंगल, झरने, झील आपकी ट्रिप में चार चांद लगा देते हैं. हर साल लाखों लोग यहां घूमने आते हैं। कुछ फैमिली के साथ, तो वहीं कुछ दोस्तों के साथ ट्रिप इंजॉय करने आते हैं।

शिलॉन्ग के पास कई ट्रैकिंग रूट है, जहां पर आप हरी भरी प्रकृति का लुत्फ उठा सकते हैं। आप शिलॉन्ग में रिवर राफ्टिंग, कैनोइंग, पैराग्लाइडिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का आनंद भी उठा सकते हैं। शिलॉन्ग के बाजारों से आप लकड़ी के समान, कपड़े और कई सारी चीजें अपने पार्टनर के लिए खरीद सकते हैं।

इसके अलावा आप यहां पर कई धार्मिक स्थलों पर भी जा सकते हैं। शिलॉन्ग के आसपास मौजूद जंगल कैंपिंग के लिए सबसे बेस्ट माने गए हैं। यहां आप अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत पल बिता सकते हैं। यहां पर कई सारी खूबसूरत जान भी आपका दिल जीत लेंगे जैसे एलेफेंटा फॉल्स, स्वीट फॉल्स आदि।

आप यहां के खूबसूरत बगीचे को भी विकसित कर सकते हैं. जैसे हिडन पार्क, पॉल लोवे बॉटनिकल गार्डन आदि। अगर आप अपने पार्टनर के साथ खुले आसमान के नीचे बैठकर पूरी रात गुजारना चाहते हैं, तो ये सभी जगह किसी जन्नत से काम नहीं है।

शिलॉन्ग पहुंचने के लिए आप अपने घर के नजदीक एयरपोर्ट से शिलांग एयरपोर्ट जा सकते हैं. यह शहर से 30 किलोमीटर दूर है, यहां पहुंचकर आप आराम से टैक्सी कर आसपास की जगहों को विजिट कर सकते हैं. इसके अलावा शिलॉन्ग गुवाहाटी सड़क मार्ग से भी आप पहुंच सकते हैं।

शिलांग आप साल भर में कभी भी आ सकते हैं। यहां का मौसम हमेशा सुहावना रहता है। शिलांग पहुंचते ही आपके यहां पर ठहरने के लिए कई सारे होटल मिल जाएंगे। आप अपने बजट के हिसाब से किसी भी होटल को बुक कर सकते हैं।

● यहां है...

## फूलों की घाटी



हर किसी का सपना होता है, एक ऐसी खूबसूरत जगह पर जाना, जहां पर जाते ही वह बाकी सारी चीजों को भूलकर वहां के नजारों में गुम हो जाए. अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ ऐसी ही किसी जगह पर जाना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको एक ऐसी जगह पर लेकर जाएंगे। जहां जाने के बाद आपको लगेगा मानो आप स्वर्ग में आ गए हैं।

**धरती पर करें स्वर्ग का दीदार**-अगर आप स्वर्ग का दीदार करना चाहते हैं, तो भारत की सबसे फेमस फूलों की घाटी उत्तराखंड में मौजूद है। यहां पर आपको 300 से भी ज्यादा प्रकार के फूल देखने को मिलेंगे। यह जगह आपकी ट्रिप में चार-चार लगा देगी। यकीन मानो आपने ऐसा नजारा पूरे भारत में कहीं नहीं देखा होगा। यहां आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक अंदाज में फोटोशूट भी करा सकते हैं।

**फूलों की घाटी उत्तराखंड**-यहां आने का सबसे अच्छा समय सर्दी और मानसून का होता है। इस बीच अगर आप यहां आते हैं, तो आपको ऐसा लगेगा कि अब इस जगह पर ही घर बसा लें। फूलों की घाटी का नजारा देखने के लिए आपको 150 रुपए एक व्यक्ति का देना होगा। फूलों की घाटी को टूरिस्ट्स के लिए 1 जून से खोल दिया गया था जो अब 31 अक्टूबर को वापस बंद कर दिया जाएगा।

**शिमला में करें फूलों की घाटियों का दीदार**-उत्तराखंड के अलावा आप हिमाचल प्रदेश के शिमला में भी कई सारी फूलों की घाटियों का दीदार कर सकते हैं। यहां आपको गुलाब के बगीचे, ट्यूलिप गार्डन जैसी कई जगह घूमने को मिलेगी। यही नहीं पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताने के लिए आप दार्जिलिंग भी जा सकते हैं।

**पार्टनर के साथ ट्रैकिंग**-यहां पर कई सारे फूलों के बगीचे आपको देखने को मिलेंगे. यहां आर्किड, रोडोडेंड्रोन और कई प्रकार के फूल दिखाई देंगे। ऐसे फूलों का खूबसूरत नजारा आपने और कहीं नहीं देखा होगा। इन फूलों की घाटियों में आप अपने पार्टनर के साथ ट्रैकिंग कर सकते हैं. ट्रैकिंग के दौरान बिताए हर पल आप दोनों को हमेशा याद रहेंगे।

**कैंपिंग का उठाएं लुत्फ**-यही नहीं अगर आप प्रकृति के बीच रात भर गुजारना चाहते हैं, तो यहां पर कैंपिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं। तारों सितारों से भरे आसमान के नीचे फूलों की चादर में बिताई गई रात किसी जन्नत से कम नहीं हैं। नई-नई शादी के बाद आप दोनों पति-पत्नी धरती पर स्वर्ग का आनंद लेने यहां पहुंच सकते हैं।

## इटारसी जाएं जरूर


**इटारसी में मौजूद कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां घूमने के बाद आप कई अन्य जगहों को भूल जाएंगे। इन शानदार जगहों पर आप परिवार, दोस्त और पार्टनर के साथ भी घूमने के लिए जा सकते हैं।**

**इटारसी में किसी शानदार और मनमोहक जगह घूमने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले तवा डैम की बात ही करते हैं। खासकर, मानसून में यहां हर दिन हजारों लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसका निर्माण 1958 से 1978 के बीच में किया गया था...**

मध्य प्रदेश में ऐसी कई जगहें मौजूद हैं, जहां बहुत कम लोग ही घूमने के लिए जाते हैं। जी हां, हिंदुस्तान के दिल में स्थित इटारसी एक ऐसी जगह है, जहां बहुत कम लोग ही घूमने के लिए जाते होंगे। हम आपको इटारसी में मौजूद कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां घूमने के बाद आप कई अन्य जगहों को भूल जाएंगे। इन शानदार जगहों पर आप परिवार, दोस्त और पार्टनर के साथ भी घूमने के लिए जा सकते हैं।

इटारसी में किसी शानदार और मनमोहक जगह घूमने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले तवा डैम की बात ही करते हैं। खासकर, मानसून में यहां हर दिन हजारों लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसका निर्माण 1958 से 1978 के बीच में किया गया था।





● तवा डैम सिंचाई के रूप में काम तो करता ही साथ में सैलानियों को भी आकर्षित करता है। इस डैम के आसपास की हरियाली सबसे अधिक सैलानियों को आकर्षित करती है। वीकेंड में इटारसी के लोग यहां अक्सर पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते रहते हैं।

● **बोरी वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरीः** इटारसी में मौजूद बोरी वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी उन स्थानों में शामिल रहता है, जहां सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि राज्य के हर कोने से पर्यटक घूमने और जंगल सफारी का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते रहते हैं। इस सैंक्चुअरी 1865 में बनाया गया था।

बोरी वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी सतपुड़ा रेंज की तलहटी में फैला हुआ एक प्राकृतिक खजाना भी माना जाता है। यहां मौजूद जीव-जंतु सैलानियों को सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। इस सैंक्चुअरी में आप हिरण, बाघ और टाइगर ले अलावा दर्जन से अधिक जानवरों को करीब से देख सकते हैं।

● **सेठानी घाट :** इटारसी में स्थित किसी शांत और एकांत जगह घूमने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले सेठानी घाट का ही रुख करते हैं। नर्मदा नदीं के तट पर स्थित इस प्रसिद्ध घाट का इतिहास करीब 130 साल से भी पुराना है।

सेठानी घाट के बारे में कहा जाता है कि इसके निर्माण में जानकीबाई सेठानी का प्रमुख योगदान रहा था, इसलिए इस घाट का नाम सेठानी घाट है। यहां कई लोग पवित्र स्नान करने के लिए भी पहुंचते हैं। आपको बता दें कि सुबह और शाम के समय इस घाट के पास सबसे अधिक सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा भी खूबसूरत दिखाई देता है।

● **आदमगढ़ हिल्सः** इटारसी से करीब 16 किसी की दूरी पर मौजूद आदमगढ़ हिल्स एक ऐतिहासिक धरोहर माना जाता है। जी हां, इस स्थान के बारे में कहा जाता है कि यहां पूर्व-ऐतिहासिक शैल आश्रयों और शैल चित्रों को देखा जा सकता है।

पहाड़ी की चोटी पर होने के चलते आदमगढ़ हिल्स एक ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ चर्चित पर्यटन स्थल भी है। अगर आप इतिहास प्रेमी हैं, तो आपको यह जगह बिल्कुल पसंद आएगी। पहाड़ी की चोटी पर स्थित होने के चलते यहां की हरियाली भी आपको खुशी से झूमने पर मजबूर कर देगी।

■ साभार : टाइना

● सुंदर...

## साउथ इंडिया



तमिलनाडु में कोटगिरी एक छोटा सा पहाड़ी शहर है जिसे उसकी ठंडी हवा और चाय की खेतियां के लिए जाना जाता है। यहां आप अपने पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। मुन्नार केरल का एक प्रमुख हिल स्टेशन है जो अपनी ठंडी हवा, चाय बागों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहां जाने पर आपको संगीत से भरी नेचर से करीब अपने पार्टनर के साथ पल बिताने को मिलेगा। वागामन एक शांत और प्राकृतिक वातावरण वाला हिल स्टेशन है। यहां का सबसे खूबसूरत स्थान वागमोन झील है, जो हरे-भरे पहाड़ों और चाय के बागानों के बीच स्थित है। इस झील का पानी शांत है, जिससे आपको पूरी तरह से आराम मिलता है। यहां आप अपने पार्टनर के साथ आनंद ले सकते हैं। वागमोन झील में कुछ वॉटर एक्टिविटी का भी आनंद ले सकते हैं, जो आपके यात्रा को और भी रोमांचक बना देते हैं। कोडाईकनाल एक और प्रमुख हिल स्टेशन है, जिसे 'प्रिंसेस ऑफ हिल स्टेशन' भी कहा जाता है. यहां का वातावरण बहुत ही स्वच्छ और हरा-भरा होता है। यह झील कोडाईकनाल का मुख्य आकर्षण है, जहां आप पैडल बोटिंग का मजा ले सकते हैं। इसके आस-पास की हरियाली और पहाड़ आपको मंत्रमुग्ध कर देंगे।

● माउंट आबू...



*गर्मी का मौसम आते ही हर कोई ऐसी जगह ढूंढता है जहां थोड़ी ठंडक और सुकून मिले। राजस्थान में कुछ ऐसी ही जगहें हैं, जहां आप गर्मियों में भी सर्दियों का मजा ले सकते हैं। माउंट आबू राजस्थान का एकमात्र हिल स्टेशन है। यहां का मौसम साल भर सुहावना रहता है। आप यहां नक्की झील में बोटिंग का मजा ले सकते हैं और दिलवाड़ा मंदिर की सुंदरता को देख सकते हैं. माउंट आबू में सनसेट पॉइंट से डूबते सूरज का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है।*